प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए आज भरे जाएंगे नामांकन, चुनाव प्रक्रिया दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में होगी पूरी।

- प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में—पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव, बजट सत्र सहित अन्य फैसलों पर लग सकती है कैबिनेट की मुहर।

- केंद्र ने विकसित भारत रोज़गार और आजीविका गारंटी मिशन अधिनियम के संबंध में किए जा रहे भ्रामक दावों का किया खंडन।

- सांसद सुरेश कश्यप ने कहा—भूतपूर्व सैनिकों व शहीदों की वीरांगनाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर केंद्र सरकार गंभीर, समय—समय पर उठाए जा रहे हैं आवश्यक कदम।

भाजपा अध्यक्ष चुनाव

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए आज नामांकन भरे जाएंगे। पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी और सांसद के. लक्ष्मण द्वारा जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन दोपहर 2 बजे से 4 बजे के बीच दाखिल किए जा सकते हैं। पूरी चुनाव प्रक्रिया नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में होगी। एक रिपोर्ट....

निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्रों की जांच आज शाम चार बजे से पांच बजे के बीच की जाएगी। इसके बाद नामांकन वापस लेने की प्रकिया शुरू होगी और शाम छः बजे तक नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे। इस प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद आवश्यकता पड़ने पर कल मतदान होगा और नए भाजपा अध्यक्ष की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पार्टी के राष्ट्रीय और राज्य परिषदों के प्रतिनिधियों से बने निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है। वर्तमान में यह पद केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के पास है। जेपी नड्डा को जून 2019 में भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था और बाद में जनवरी 2020 में उन्हें निर्विरोध पार्टी अध्यक्ष चुना गया जिससे उन्होंने तत्कालीन पार्टी अध्यक्ष अमित शाह का स्थान लिया। समाचार कक्ष से मैं प्रियंका ठाकुर।

## मंत्रिमंडल बैठक

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित होगी। साल की इस पहली बैठक में कई महत्वपूर्ण फैंसले लिए जा सकते हैं। इस दौरान पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर कोई फैसला होने की उम्मीद है। बैठक में बजट सत्र की तिथियां तय करने पर भी फैसला हो सकता है। मंत्रिमंडल की बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य समेत कई अन्य विभागों में चल रही रिक्तियों पर भी निर्णय हो सकता है। इसके अलावा सूखे जैसी स्थिति से निपटने की रणनीति पर भी कैबिनेट में चर्चा हो सकती है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि पिछले तीन वर्षों में प्रदेश सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के तहत बड़े साहसिक कदम उठाए हैं और लगातार महिलाओं, बच्चों के सशक्तिकरण के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन तीन वर्षों में राज्य का शिशु लिंग अनुपात 9 सौ 47 से बढ़कर 9 सौ 64 हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये बदलाव बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए सरकार के लगातार व सही प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कामकाजी महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार ने सोलन, पालमपुर, बद्दी, गगरेट, नगरोटा बगवां सहित अन्य स्थानों में 13 नए महिला छात्रावास बनाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि राज्य के सभी 18 हजार 9 सौ 25 आंगनबाड़ी केंद्रों को आंगनबाड़ी सह प्री स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इनमें 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को खेल आधारित प्रारंभिक शिक्षा दी जाएगी।

## तथ्य जांच – वीबी जी राम जी

केंद्र सरकार ने विकसित भारत – रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम के संबंध में किए जा रहे भ्रामक दावों का खंडन किया है। विपक्ष द्वारा अधिनियम की आलोचना को तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक बताते हुए सरकार ने कहा कि यह अधिनियम प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित करता है। सरकार ने कहा कि काम के अधिकार को छीने जाने के दावे राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं। सरकार ने बताया कि अधिनियम में कहा गया है कि रोजगार 15 दिनों के भीतर उपलब्ध कराया जाना चाहिए, अन्यथा बेरोजगारी भत्ता अनिवार्य है। मजदूरी के संबंध में सरकार ने कहा कि अधिनियम में स्पष्ट रूप से प्रावधान है कि योजना के तहत काम करने वाला हर व्यक्ति काम के प्रत्येक दिन के लिए अधिसूचित मजदूरी दर पर मजदूरी का हकदार है। कृषि–मौसम संबंधी प्रतिबंधों पर चिंताओं पर सरकार ने कहा कि 125 दिनों की रोजगार गारंटी पूरी तरह बरकरार है।

कुलदीप पठानिया

प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया आज से लखनऊ में शुरू हो रहे 86वें पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में भाग लेंगे। 21 जनवरी तक चलने वाले इस सम्मेलन का शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। सम्मेलन में जहां 28 राज्यों के पीठासीन व उप पीठासीन अधिकारी भाग ले रहे हैं वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सम्मेलन में विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया सम्मेलन के दौरान चयनित विषयों में अपना संबोधन भी देंगे।

सुरेश कश्यप

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि सिरमौर जिले के पांवटा साहिब में नया केंद्रीय विद्यालय खुलना क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात है। पांवटा साहिब दौरे के दौरान भूतपूर्व सैनिकों की समस्याएं सुनने के बाद सुरेश कश्यप ने कहा कि आने वाले समय में इससे क्षेत्र के लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों और शहीदों की वीरांगनाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर केंद्र सरकार गंभीर है और समय–समय पर इस संबंध में आवश्यक कदम उठाए जाते हैं।

प्राकृतिक खेती

प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। शिमला जिले में प्राकृतिक खेती के उत्पादों को आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने की योजना तैयार की जा रही है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता।

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना हिमाचल सरकार की महत्वपूर्ण पहल है।प्रदेश में प्राकृतिक खेती कर रहे किसानों से गेहूं, मक्की, जौ और कच्ची हल्दी खरीद कर उसके प्रसंस्कृत उत्पादों को हिम भोग ब्रांड के तहत बाजार में उतारा जा रहा है। ये उत्पाद 100 प्रतिशत रसायन मुक्त हैं और स्वास्थ्यवर्धक हैं। राजीव गांधी प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के तहत जिला शिमला में प्राकृतिक खेती के उत्पादों को आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा है कि जिला के चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन में शुरुआती तौर पर प्राकृतिक खेती के उत्पादों को शुरू करने की दिशा में विकल्प तलाशे जाएंगे। इसके साथ ही इन उत्पादों की बिक्री के लिए निश्चित स्थान भी ढूंढा जाएगा ताकि लोगों को एक ही स्थान पर प्राकृतिक खेती के उत्पाद मिल सके।

किसान मांग

किसानों से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर आज प्रदेश किसान सभा के बैनर तले बड़ी संख्या में किसान प्रदेश सचिवालय का घेराव कर रोष व्यक्त करेंगे। किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर ने नाहन में बताया कि किसान सभा लगातार मांग कर रही है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार हर किसान परिवार को कम से कम पांच बीघा भूमि उपलब्ध करवाई जाए ताकि वे कृषि कार्य कर अपना जीवन व्यतीत कर सकें।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। सरकारी योजनाओं में फर्जीवाड़ा, मृतकों के नाम पर आवंटित कर दिया पैसा शीर्षक से अमर उजाला लिखता है सहारा और सीएम आवास सहित अन्य योजनाओं में आवंटित हुआ पैसा।

पंजाब केसरी की एक खबर है अंतरराष्ट्रीय ड्रग–मनी लांड्रिंग नैटवर्क में हिमाचल का कनैक्शन उजागर।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से हिमाचल दस्तक लिखता है तीन वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में हिमाचल बनेगा देश का नंबर वन राज्य। मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है लाहौल, कुल्लू में हल्का हिमपात, 22–23 को भी कई जिलों में बर्फबारी की संभावना।

'अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ''

- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए आज भरे जाएंगे नामांकन, चुनाव प्रक्रिया दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में होगी पूरी।

- प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में–पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव, बजट सत्र सहित अन्य फैसलों पर लग सकती है कैबिनेट की मुहर।

- केंद्र ने विकसित भारत रोज़गार और आजीविका गारंटी मिशन अधिनियम के संबंध में किए जा रहे भ्रामक दावों का किया खंडन।

- सांसद सुरेश कश्यप ने कहा–भूतपूर्व सैनिकों व शहीदों की वीरांगनाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर केंद्र सरकार गंभीर, समय–समय पर उठाए जा रहे हैं आवश्यक कदम।